

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]

## खबर संक्षेप



### स्कूल वाहन की लापरवाही खतरे में बच्चों की जान

**सरसीवां।** जिले के सरसीवां से एक बेहद चिंताजनक और लापरवाही भरी तस्वीर सामने आई है। स्वामी आत्मानंद स्कूल सरसीवां के बच्चे पालकों द्वारा लगाए गए वाहनों में अपनी जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि बच्चे चलती गाड़ी में दौड़कर चढ़ रहे हैं और कई बच्चे वाहन के पीछे लटकते नजर आ रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि वाहन चालक को इसकी जानकारी होने के बावजूद वह बेखौफ होकर वाहन चलाता दिखाई दे रहा है। जहां ये तस्वीरें न सिर्फ नियमों की अनदेखी को दर्शाता हैं, बल्कि एक बड़े हादसे की आशंका भी जता रही हैं। स्कूल आन-जाने के दौरान बच्चों को इस तरह जोखिम उठाना पड़ रहा है, जो बेहद गंभीर मामला है। वीडियो में छोटे.छोटे बच्चे चलती गाड़ी में चढ़ते दिख रहे हैं। वहीं कुछ बच्चे पीछे लटककर सफर कर रहे हैं, जो किसी भी वक्त हादसे का कारण बन सकता है।

### खुले में शराब सेवन करने वालों पर कार्रवाई

**रायगढ़।** बीते 18 मार्च को पुलिस ने पहाड़ मंदिर एवं टीवी टावर क्षेत्र में पैदल मार्च कर मुख्य मार्ग किनारे तथा सुनसान स्थानों की सघन जांच की गई, जिसमें 6 लोगों को पकड़ा गया। कार्रवाई के दौरान खुले में शराब सेवन करते पाए गए आकाश राठिया निवासी जुर्डा के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36,च के तहत कार्रवाई की गई।

## पुलिस को मिला तकिए के नीचे आधार कार्ड और साढ़े 4 हजार रुपए

# सोशल मीडिया से हुआ अफीम की खेती का खुलासा





वह घर जहां फरार दोनों आरोपी रहते थे, ट्रैक्टर में लोड खेत में लगी अफीम के पौधे।



### ड्रोन से प्रशासन ढूंढ रहा अफीम

आमाघाट में अफीम की फसल मिलने के बाद कलेक्टर ने पूरे जिले में ड्रोन से सर्वे करने का निर्देश दिया है। इसमें एसडीएम, तहसीलदार, आरआई, पटवारी और कृषि विभाग के अधिकारियों को लगा दिया गया है। अब सभी अधिकारी खेत-खार में ड्रोन लेकर घूम रहे हैं। हर ब्लॉक में ड्रोन से सर्वे किया जा रहा है। अभी राजस्व और कृषि दोनों विभाग को इसका सर्वे करने के लिए तैनाती कर दी गई है। हालांकि बीते 12 मार्च से ही इसका सर्वे कराया जा रहा था। इसी बीच यह मामला सामने आ गया। 19 मार्च तक इसकी रिपोर्ट देना था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

शुक्रवार को आमाघाट गांव में उजागर हुई अफीम खेती का राज धीरे-धीरे खुलने लगा है। दिवाली के बाद अफीम की खेती करने झारखंड से दो लोग इमानवेल भेंगरा और सीप्रियन भेंगरा पहुंचे थे। याने चार महीने पहले ही यहां आए थे। अभी गिरफ्तार किए गए आरोपी मार्शल सांगा के दोनों रिश्तेदार थे। मार्शल बाहर था, लेकिन फोन करके उनको बिना किराए अपने ससुराल में रहने का मकान दिलवाया था।

मायके में उसकी पत्नी सुषमा खलखो रहती है। वह शादी के दो महीने बाद ही झारखंड से आमाघाट लौट आई थी। तब से अब तक वहां रह रही है। मार्शल हमेशा बाहर रहता है, कभी ओड़िशा तो कभी कर्नाटक बताता है। ससुराल के लोग भी वास्तविक रुप से वह कहां रहता है और क्या काम करता है, नहीं जानते। इतना जरुर बताते हैं कि वह काफी पढ़ा लिखा है, रेलवे में ठेकेदार के साथ पटरी बिछाने का काम करता है। हालांकि गांव वाले ओड़िशा के किसी प्लांट में नौकरी करने की बात भी कहते हैं। कुल मिलाकर मार्शल सांगा के बारे में भी बहुत ज्यादा गांव वालों को जानकारी नहीं है। वह आमाघाट साल- छह महीने में आता था। इस बीच जब उसकी पत्नी को पैसे की जरुरत पड़ती थी तो वह भेज दिया करता था।

शादी को करीब 15 साल हो गया है, उसकी पत्नी अभी महीने भर पहले ही मां बनी है। पत्नी की डिलीवरी के लिए ही वह यहां आया था। उसके दो रिश्तेदार वहां रहते थे। शुक्रवार को गांव में अफीम खेती की सुगबुगाहट हुई तो दोनों चुपके से घर से निकल गए। किसी को इसका पता ही नहीं चला। बाद में पुलिस ने तलाशी ली तो तकिए के नीचे आधार कार्ड और साढ़े चार हजार रुपए मिला। साथ ही प्रोसेस किए गए अफीम वजन 3.02 किलो मिला। इतने अफीम की कीमत करीब 15 लाख बताई जा रही है।

**खास बातें**

- जब अफीम खेती की सुगबुगाहट हुई तो चुपके से दोनों निकल गए घर से
- प्रोसेसिंग करने के बाद रखा अफीम भी मिला घर से
- बिना किराए मार्शल के ससुराल में रह रहे थे आरोपी

### सोशल मीडिया ने खोला राज

जहां अफीम की फसल लगाई थे वहीं पर कचकोबा के कुछ लोग गोढ़ी नाले में मछली पकड़ने गए थे। वहां कलर फूल देखे तो बरबस ही उनकी नजरें वहां तक चली गई। इसके बाद उसकी फोटो खींचे और सोशल मीडिया में डाल दिया । दूसरी ओर अभी प्रदेश में अफीम की खेती की चर्चा गांव-गांव में होने लगी है। उत्सुकता वश ही लड़कों ने इसे इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया में पोस्ट कर दिया। इसमें गांव का नाम भी था, ऐसे में यह पुलिस तक पहुंची और गांव वालों ने भी सूचना दी। इसके बाद तो हड़कंप मच गया।

### 15 साल तक राजस्व विभाग ने नहीं किया अपडेट

राजस्व विभाग किस कदर लापरवाही से काम करता है इसकी बानगी आमाघाट अफीम कांड के बाद देखने को मिली है। यहां जिन लोगों की खेत में अफीम की खेती की गई है वह केलो परियोजना ( लाखा डूबान) में आता है। इस जमीन का मुआवता 15 साल पहले ही मिल चुका है। इसके कारण लोग न तो वहां जाते थे और न ही खेती करते थे। याने वह बंजर जमीन के समान ही खाली पड़ी थी। बरसात में वहां पानी भरा रहता है। राजस्व विभाग ने पांच खसरों को 15 साल से अपडेट नहीं किया है। वहां किसानों के नाम पर खेत है और उड़द, धान की खेती दिखा रहा है।

### सूरजमुखी लगाने के नाम पर लिया जमीन

मार्शल के ससुर मालिकराम ने बताया कि दोनों यहां काम करने के लिए आए थे। दिवाली के बाद आए थे और काम की तलाश कर रहे थे। इसी बीच उन्होंने उसे बताया कि सूरजमुखी की खेती करेंगे। तब गांव के इंद्रपाल गुप्ता, मेहत्तर राठिया समेत अन्य किसानों का जमीन लेकर वहां कुछ- कुछ लगाए थे। उनको तो आज पता चला कि वहां अफीम की खेती कर रहे थे। झारखंड से ही अफीम की बीज लेकर आए थे। उसे खेत को नाला पार करके जाना पड़ता था। इसके कारण भी लोग नहीं जाते थे।

### अब बड़ा सवाल

लोकल नेटवर्क के बिना इतनी हिम्मत कोई नहीं करता। जमीन लेना और बाहर से बीज लाकर बोआई करना, इतना आसान नहीं है। सवाल यह है कि इसमें लोकल स्तर पर उनका साथ कौन दे रहा था और उनको फायनेंस कौन कर रहा था। कारण उनकी वास्तविक पोजीशन बहुत अच्छी नहीं थी। ऐसे में लोकल नेटवर्क और लोकल फायनेंस के दम पर ही इतनी हिम्मत से जोखिम भरी अफीम की खेती की जा रही थी।

### रात में ही चला खेत पर जेसीबी और रोटावेटर

शुक्रवार को अफीम की खेती का मामला आने के बाद वहां पुलिस ने पहरेदारी बैठा दिया था। इसके बाद रात को खेत में रोटावेटर चलाकर समतल कर दिया गया था। ट्रैक्टर चला कर उसकी जड़ तक उखाड़ दिया गया है। अब वहां केवल मैदान ही नजर आएगा, एक भी पेड़-पौधा नहीं दिखेगा।

### दो करोड़ की अफीम

- गिरफ्तार आरोपी मार्शल सांगा
- फरार आरोपी - इमानवेल भेंगरा, सीप्रियन भेंगरा
- अफीम के पौधे नग में – 60326
- वजन -2877 किला (करीब तीन टन)
- कीमत- 1 करोड़ 90
- तैयार अफीम वजन – 3.02 केजी
- कीमत – 15 लाख 10 हजार
- कुल कीमत - 2 करोड़ 5 लाख 10 हजार




## खबर संक्षेप

### खेत में जाकर पलटी अनियंत्रित कार



**कांसाबेल।** कार दुर्घटना डूमर बहार चौक के पास शनिवार सुबह 8 बजे शेखरपुर रोड की ओर से कार स्पीड से आते हुए एक ट्रक को बचाने के चक्कर में खेत में जाकर पलट गई। कार में सवार लोगों को किसी को कुछ नहीं हुई है हल्की-फुल्की चोट आई हैं।

### अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

**जशपुरनगर।** पंजीयन विभाग ने राजस्व संग्रह को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जिसके तहत मार्च माह के अंत में आने वाले शासकीय अवकाश के दिनों में भी पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे। कार्यालय महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक, रायपुर ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश के परिपालन में जशपुर जिले के पंजीयन शाखा में भी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित राजस्व लक्ष्य आय शान को अधिक से अधिक राजस्व प्रदाय करने के उद्देश्य के साथ ही जन सुविधा उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से अंतिम दिनों में अधिक से अधिक पंजीयन कार्य संपन्न कराए जाएगें। शासकीय अवकाश 22 मार्च चौथा रविवार, 28 मार्च अंतिम शनिवार, 29 मार्च अंतिम रविवार, 31 मार्च महावीर जयंती कुल चार अवकाश के दिनों को भी उप पंजीयक कार्यालय पंजीयन कार्य हेतु एवं जिला कोषालय-उपकोषालय खुला रखा जाएगा। इसके साथ ही भारतीय स्टेट बैंक को उक्त दिवसों एवं 31 मार्च वित्तीय वर्ष के अंतिम दिवस में प्राप्त शासकीय राशि जमा करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### 118 सेक्टर आंगनबाड़ी केंद्रों में बाल मैत्री कार्यक्रम



**जशपुरनगर।** महिला बाल विकास विभाग द्वारा विगत दिवस जिला कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अजय शर्मा के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जशपुर के अंतर्गत सभी 17 परियोजनाओं के 118 सेक्टर के आंगनबाड़ी केन्द्रों में बाल मैत्री कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी केन्द्रों के 4 से 6 वर्ष के बच्चों को केन्द्र के निकटतम प्राथमिक शालाओं का एक दिवसीय भ्रमण करवाया गया। आंगनबाड़ी केंद्रों मे बच्चों को सहज एवं अनौपचारिक वातावरण में खेल आधारित गतिविधियों के माध्यम से शाला पूर्व शिक्षा प्राप्त होती है। आंगनबाड़ी से शाला में ट्रांजिशन में प्रथम वर्ष में बच्चों को विद्यालय आने नियम समझाने तथा भाषा के प्रयोग में कठिनाई होने शालेय शिक्षा के प्रति अरुचि होने आदि संभावना को देखते हुए उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

### फेसबुक में हुई पहचान, शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** महिला पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता ने 20 मार्च को महिला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसमें बताया गया था कि साल 2021 में उसकी पहचान फेसबुक के माध्यम से रामभाठा निवासी प्रतीक सिदार से हुई थी। बातचीत के दौरान दोनों के बीच दोस्ती हुई और आरोपी द्वारा शादी का आश्वासन देकर पीड़िता के संपर्क में रहा। पीड़िता के अनुसार बीते 4 मार्च 2024 से जनवरी 2026 के बीच आरोपी ने विभिन्न स्थानों पर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। बाद में जब पीड़िता ने आरोपी से शादी करने की बात कही तो इंकार कर दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पीड़िता का कथन लिया गया तथा मेडिकल परीक्षण कराया गया।

## लैलूंगा क्षेत्र में के गांवों में गौमांस खपाने की थी तैयारी

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 60 किलो गौमांस के साथ तस्कर गिरफ्तार





जशपुर जिले की कोतबा चौकी पुलिस ने 'ऑपरेशन शंखनाद' के तहत कार्रवाई कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने ओडिशा से छत्तीसगढ़ में गौवंश के मांस की तस्करी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक कार में तस्करी कर ले जाया जा रहा 60 किलो गौमांस बरामद किया गया है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पूरी कार्रवाई में आरोपी का कबूलनामा और पशु चिकित्सक की वैज्ञानिक पुष्टि अहम रही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 20 मार्च की रात करीब 9:10 बजे चौकी कोतबा पुलिस मेन रोड पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि एक व्यक्ति ओडिशा के ग्राम बनडेगा से अपनी अल्टो कार क्रमांक ओआर 14 जी 3271 में भारी मात्रा में गौमांस लेकर कोतबा होते हुए लैलूंगा, जिला रायगढ़ की ओर जा रहा है।

सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर पुलिस टीम ने मेन रोड पर नाकेबंदी की। कुछ ही देर बाद संदिग्ध कार आती दिखी, जिसे घेराबंदी कर रोका गया।

वाहन की तलाशी लेने पर पुलिस को ड्राइवर सीट के बगल में रखे एक बैग में 25 पैकेट और बीच की सीट पर रखे काले रंग के बैग में 35 पैकेट, प्रत्येक 1-1 किलो के मिले। कुल 60 किलो संदिग्ध मांस बरामद किया गया। कार चालक की पहचान जीसान हुसैन उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम बनडेगा, थाना तलसरा, जिला सुंदरगढ़ ओडिशा के रूप में हुई।

### तस्करी में प्रयुक्त कार जब्त, आरोपी गया जेल

पशु चिकित्सक की रिपोर्ट और आरोपी के इकबालिया बयान के बाद चौकी कोतबा पुलिस ने आरोपी जीसान हुसैन के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 और 10 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। घटना में प्रयुक्त अल्टो कार ओआर 14 जी 3271 को जब्त कर लिया गया है तथा आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### जंगल में काटाबेचने जा रहा था

पुलिस हिरासत में पूछताछ और कैमरे पर मीडिया को दिए गए बयान में आरोपी जीसान हुसैन ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपी ने बताया कि, उसने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर बनडेगा के पास के ही एक जंगल में गौवंश का वध किया था। वह इस 60 किलो मांस को अपनी कार में रखकर गांवों में बिक्री करने के लिए ले जा रहा था। आरोपी ने स्पष्ट किया कि घटना के वक्त वे केवल दो ही लोग थे।

### पशु चिकित्सक ने की पुष्टि

जब्त किए गए मांस की जांच के लिए पुलिस ने पशु चिकित्सालय कोतबा के पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ दिलीप खलखो को बुलाया। डॉ खलखो ने अपनी जांच रिपोर्ट में स्पष्ट किया कि, बोरियों और बैग में रखा मांस गौवंश का ही है। डॉ खलखो ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया, मैंने पुलिस के समक्ष जब्त मांस का परीक्षण किया। जांच में गौवंश के शरीर के कई टुकड़े मिले। इनमें पिछले पैर का घुटने से नीचे खुर तक का पूरा हिस्सा शामिल था, जिसे 3-4 टुकड़ों में काटा गया था। इसके अलावा सामने के पैर के घुटने के जॉइंट के हिस्से, स्कैपुला और कुछ अन्य विशेष हड्डियां मौजूद थीं, जिनसे यह पहचानना आसान हो गया कि यह गौवंश का मांस है।

## आकाशीय बिजली का कहर मजदूर की मौत, दो झुलसे

**जशपुरनगर।** जिले के दुलदुला क्षेत्र में गुरुवार की शाम अचानक गिरी आकाशीय बिजली ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। झगरीबहार स्थित ईंट भट्ठे में काम करने आए एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके परिवार के दो अन्य सदस्य भी इसकी चपेट में आकर झुलस गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुलदुला थाना क्षेत्र के झगरीबहार में स्थित तरुण के ईंट भट्ठे में कार्यरत मजदूर सोनउ राम उम्र 51 वर्ष अपने परिवार के साथ घर के भीतर बैठे हुए थे। इसी दौरान मौसम ने अचानक करवट बदली और तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली सीधे उनके घर पर आ गिरी। हादसा इतना भयावह था कि सोनउ राम की मौके पर ही मौत हो गई।

### चार दिन पहले आया था मृतक

दुलदुला थाना प्रभारी सुनील सिंह ने बताया कि, मृतक मूल रूप से शक्ति जिले के मालखरौदा थाना क्षेत्र का निवासी था। वह करीब चार दिन पहले ही अपने परिवार के साथ यहां मजदूरी करने आया था। यह हादसा न केवल एक परिवार के लिए गहरा आघात है, बल्कि बदलते मौसम में आकाशीय बिजली के बढ़ते खतरे की ओर भी संकेत करता है। ग्रामीण और अस्थायी आवासों में रहने वाले लोगों के लिए ऐसी घटनाएं अधिक जोखिमपूर्ण साबित हो रही हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि, खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें और सतर्कता बरतें, ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

### दो अन्य सदस्य खतरे से बाहर

परिवार के अन्य दो सदस्य भी बिजली के झटके से प्रभावित हुए हैं। हालांकि दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए।

## आधुनिक तकनीक से तैयार किया खेती का नया मॉडल



**जशपुरनगर।** ग्राम पंचायत भीतघरा, बगीचा विकास खंड के मुकेश कुजूर ने दिखा दिया कि नई सोच और आधुनिक तकनीक से खेती को ज्यादा लाभकारी बनाया जा सकता है। 25 एकड़ में टमाटर, पत्ता गोभी, मक्का, खीरा और गेंदा की बहु-फसली खेती कर ये बना रहे हैं सफलता का नया मॉडल अगर आप भी सीखना चाहते हैं ऐसी ही नई तकनीकें, तो 23 से 25 मार्च को कृषि क्रांति एक्सपो कुनकुरी में जरूर आएं। भीतघरा के किसान मुकेश कुजूर ने अपने 25 एकड़ खेत को नवाचार का मॉडल बना दिया है। किसान अपने खेतों में बहुफसली खेती से जिले के दूसरे किसानों को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे अपने खेत में टमाटर,पत्ता गोभी, मक्का, खीरा और गेंदा फूल की भी खेती कर रहे हैं। किसान मुकेश ने नई सोच और प्रयोगों से साबित किया है कि समझदारी से खेती को अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि, वे सिंचाई के लिए ड्रिप और मल्चिंग से टमाटर की खेती करते हैं। खेतों के बीच बीच में मक्का और गेंदा का फूल भी लगाए हैं, जिससे उनको अतिरिक्त आमदनी हो जाती है।

## कांग्रेस के 9 ब्लॉक प्रभारी और 9 सह प्रभारियों की नियुक्ति

**रायगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ ग्रामीण में संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। जिला अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी के निर्देश पर संगठन प्रभारी महामंत्री दीपक मंडल ने ब्लॉक प्रभारी एवं सह प्रभारियों की बहुप्रतीक्षित सूची 19 मार्च बुधवार को जारी कर दी है।



इस नियुक्ति को संगठनात्मक दृष्टि से निर्णायक माना जा रहा हैए जहां कांग्रेस ने स्पष्ट संकेत दिया है कि अब बूथ से लेकर ब्लॉक स्तर तक संगठन को पूरी ताकत के साथ सक्रिय किया जाएगा। यह फैसला सीधे तौर पर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ ग्रामीण के अध्यक्ष नगेंद्र नेगी संगठन को मजबूती प्रदान करने को लेकर काफी गंभीर हैं नेगी लगातार संगठन के सभी प्रकोष्ठ मोर्चा और विभागों के कामकाज पर अपनी नजर बनाए हुए हैं। लंबे समय से खाली प्रकोष्ठों को जल्द भरा जाएगा एवं निष्क्रिय प्रकोष्ठ अध्यक्षों को भी बदल जाएगा। जानकारी के मुताबिक जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण द्वारा कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठ मोर्चा और विभाग के गतिविधियों का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है जिसे जल्दी प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजा जाएगा। संभावना यह जताई जा रही है कि नवरात्रि के बाद कई प्रकोष्ठ और मोर्चे में नई नीतियों को स्वीकृति मिल जाएगी।

### इन नेताओं को सौंपी गई बड़ी जिम्मेदारी

जारी सूची के अनुसार पुसौर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का किरण पंडा को प्रभारी किशोर कसेर को सह प्रभारी धरमजयगढ़ मुकुंद मुरारी पटनायक को प्रभारी, गुलाबी सिदार को सह प्रभारी घरघोड़ा का सत्यदेव गुप्ता को प्रभारी, बिहारी पटेल को सह प्रभारीद्ध खरसिया शहर का ठंडाराम बेहरा को प्रभारी, मनीष शर्मा को सह प्रभारीद्ध खरसिया ग्रामीण का ओम सागर पटेल को प्रभारी, अवध पटेल को सह प्रभारी लैलूंगा का यूसुफ छाया को प्रभारी, बबलू साहू को सह प्रभारी कापू का सुरेंद्र चौधरी को प्रभारी, देवेंद्र शर्मा सह प्रभारीद्ध तमनार का योगेंद्र यादव को प्रभारी, सौरभ अग्रवाल को सह प्रभारी कोतरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सुखदेव डनसेना को प्रभारी नवीन पटेल को सह प्रभारी बनाया गया है।

## कृषि अधिकारियों की पदोन्नति को लेकर विवाद, कार्रवाई की मांग

**रायगढ़।** कृषि विभाग में 2021 में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से कृषि विकास अधिकारी में 235 अधिकारियों की पदोन्नति प्रशासन नियम में 2018 में किए गए संशोधन के आधार पर की गई थी। इस पदोन्नति के विरोध में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ ने कई महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाते हुए उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका दायर की थी। जिसमें उच्च न्यायालय द्वारा पदोन्नति नियम में संशोधन को अल्ट्रा वायरस कर दिया था। उच्च न्यायालय के उक्त निर्णय के विरोध में छग शासन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर अपना पक्ष रखा कि कृषि स्नातकों की नियुक्ति गुण नियंत्रण के लिए निरीक्षक के तौर पर करना आवश्यक होने के कारण नियमानुसार अलग-अलग योग्यता की अलग वरिष्ठता सूची संधारित की जाकर पदोन्नति किया गया है।

## सौभाग्यशाली हैं वे लोग जो भगवत कथा सुनते हैं : पंडित राजेंद्र प्रसाद शर्मा

**बिलाईगढ़।** विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम खुरसूला में विश्वमंगल की कामना से श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन श्रीमती चंदामती साहू, नकुलराम, सहदेव, धरमलाल साहू एवं उनके परिवार द्वारा दिनांक 19 से 27 मार्च तक किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर लगभग 2 बजे से हरि इच्छा तक संचालित हो रही है।



कथा में व्यासपीठ पर विराजमान होकर अपनी सरलए सरस एवं ओजमयी वाणी में संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करा रहे हैं। वे मूलतः ग्राम भैंसो पामगढ़ के निवासी हैं एवं वर्तमान में बिलासपुर के उसलापुर क्षेत्र में निवासरत हैं। कथा के प्रथम दिवस मंगलाचरण के पश्चात कथा प्रारंभ करते हुए पंडित शर्मा ने कहा कि जो लोग भगवत कथा का श्रवण करते हैं, वे अत्यंत सौभाग्यशाली होते हैं। उन्होंने बताया कि भगवत कथा केवल मृत्यु लोक में ही होती है, यहां तक कि बैकुंठ लोक में भी इसका आयोजन नहीं होता। उन्होंने श्रीहनुमानजी को कथा का महान रसिक बताते हुए कहा कि वे कथा श्रवण के लिए ही मृत्यु लोक में स्थित हैं। कथावाचक ने कहा कि कथा श्रवण से मन को शांति मिलती है, बुद्धि का विकास होता है और जीवन की व्यथाएं दूर होती हैं। उन्होंने श्रोताओं से आह्वान किया कि कथा में कही गई श्रेष्ठ बातों को जीवन में अपनाकर परिवार और समाज का कल्याण करें। उन्होंने श्रीरामचरितमानस की चौपाई बड़े भाग मानुष तन पावा का उल्लेख करते हुए मानव जीवन की महत्ता पर प्रकाश डाला। अपने प्रवचन में उन्होंने वर्तमान समाज की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आजकल बेटे और लड़के तो बहुत हैं, लेकिन पुत्र कम दिखाई देते हैं। उन्होंने समझाया कि पुत्र वही है जो अपने पूर्वजों का उद्धार करता है और माता पिता का सम्मान करता है। उन्होंने माता पिता के प्रति सम्मान और सेवा को जीवन का मूल कर्तव्य बताया। कथा के दौरान पंडित शर्मा ने मधुर भजनों के माध्यम से भी श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। श्रीमद्भागवत महात्म्य के अंतर्गत आत्मदेव ब्राह्मण एवं धुंधकारी की प्रेत योनि से मुक्ति की कथा का विस्तृत वर्णन किया गया।

## जल संरक्षण के लिए नौरंगपुर में हुआ जल अर्पण कार्यक्रम



**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देशन में शनिवार को जल जीवन मिशन अंतर्गत विकासखंड सारंगढ़ के ग्राम पंचायत नौरंगपुर में ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंच, सचिव, पंचगण एवं जल वाहिनियों ने मिलकर जल उत्सव पखवाड़ा एवं जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के द्वारा ग्रामवासियों को जल जीवन मिशन योजना की जानकारीए योजना का संचालन एवं संधारण, जल कर संग्रहण, जल का महत्व एवं प्रत्येक घर में सोख़क्ता गढ्ढा बनाने समझाया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में पानी की गुणवत्ता एवं बीमारियों के प्रति जागरूकता लाने हेतु जल वाहिनियों को एफटीके किट के माध्यम से जल परीक्षण करना सिखाया गया।

## देवांशी मिनरल वाटर प्लांट की जांच, अनियमितता आई सामने



**सारंगढ़।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए बिलाईगढ़ क्षेत्र के सरसीवा में कार्रवाई की गई। टीम ने पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर का निर्माण करने वाले इकाइयों पर दबिश दी और देवांशी मिनरल वाटर प्लांट से पानी पाउच का नमूना जांच हेतु लिया और साथ ही अनियमितताओं के आधार पर 115 बोरी पानी पाउच की जप्ती की। साथ ही क्षेत्र के विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया और आवश्यक हिदायतें दी। खाद्य दल ने बिना फ़ूड रजिस्ट्रेशन के कारोबारकर्ता को नोटिस दिया। साथ ही दाल, अचार और मसाले का नमूना लिया। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के द्वारा अपील की गई कि खाद्य पदार्थों को जांच परख कर ही खरीदें। खाद्य अधिकारियों ने व्यापारियों को समझाईस दी कि बिना उचित खाद्य लाइसेंस के खाद्य कारोबार न करें और खरीदी बिक्री उचित बिल रसीद के साथ ही कारोबार करें। विभाग की ओर से अभिहित अधिकारी भारत भूषण पटेल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी शांतनु भट्टाचार्य और वरुण पटेल शामिल थे।

## विशेष पिछड़ी जनजातियों के सर्वेक्षण हेतु कार्यशाला



**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन जशपुर के तत्वावधान में मनोरा जनपद पंचायत के सभा कक्ष में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर समाज के सर्वेक्षण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए जनजातीय समाज के महिला एवं पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सहायक आयुक्त संजय सिंह ने कहा कि, शासन की योजनाओं का लाभ विशेष पिछड़ी जनजाति के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने विभागीय कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि, वे पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं से वंचित न रहे।

## ईद इंसानियत, सब्र और त्याग का पैगामः मौलाना मंसूर

# भाईचारे के साथ मनाई गई ईद, मस्जिदों में पहुंचे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ईद-उल-फितर का पर्व शनिवार को शहर में पूरे जोश, अकीदत और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। सुबह होते ही ईदगाह और मस्जिदों की ओर नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर के मुख्य ईदगाह में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने एक साथ नमाज अदा कर मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी।



### ईदगाह परिसर में खुशी और अपनेपन का नजारा

नमाज के बाद ईदगाह परिसर में खुशी और अपनेपन का अनोखा नजारा देखने को मिला। लोग एक-दूसरे से गले मिलकर "ईद मुबारक" कहते नजर आए। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में खासा उत्साह दिखा। छोटे बच्चे नए कपड़ों में ईदी पाने और दोस्तों के साथ खुशियां बांटते नजर आए।

### ईद इंसानियत, सब्र और त्याग का पैगाम

ईद की नमाज मौलाना मंसूर ने अदा कराई। नमाज के बाद अपनी तकरीर में उन्होंने कहा कि, ईद केवल खुशियां मनाने का दिन नहीं, बल्कि यह इंसानियत, सब्र और त्याग का पैगाम देता है। रमजान के महीने में रखे गए रोजे हमें भूख-प्यास सहकर दूसरों के दर्द को समझने की सीख देते हैं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में सबसे ज्यादा जरूरत आपसी मोहब्बत, भाईचारे और सहिष्णुता की है।

### ईद का त्योहार एकता और भाईचारे का संदेश देता है

समाज के सदर महबूब अंसारी ने भी इस मौके पर कहा कि, ईद का त्योहार हमें एकता और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि, सभी धर्म और समुदाय के लोग मिल-जुलकर रहें, यही हमारे समाज और देश की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने अपील की कि हम सब मिलकर समाज में प्रेम, सौहार्द और सहयोग की भावना को और मजबूत करें।

## आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**पत्थलगांव।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पत्थलगांव के विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी एवं जिंदल इंडस्ट्रियल पार्क का शैक्षणिक भ्रमण किया।

इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा संस्थानों के शैक्षणिक वातावरण, आधुनिक तकनीकी संसाधनों तथा औद्योगिक कार्यप्रणाली से प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराना था। विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों को विभिन्न संकायों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय तथा उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं की जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन एवं उच्च शिक्षा के विभिन्न अवसरों के संबंध में भी जानकारी दी गई।




इसके पश्चात विद्यार्थियों ने जिंदल इंडस्ट्रियल पार्क का भ्रमण किया, जहां उन्हें औद्योगिक उत्पादन प्रक्रिया, आधुनिक मशीनरी एवं उद्योगों की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया गया। इस भ्रमण से विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ तथा उनके भीतर विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र के प्रति रुचि में वृद्धि हुई। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में सम्पन्न यह एक्सपोजर विजिट विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। विद्यार्थियों ने इस अवसर को अपने भविष्य के करियर चयन हेतु उपयोगी बताया।



# रिलीज के बाद धुरंधर 2 का पायरेटेड वर्जन पहुंचा पाकिस्तान

**मुंबई।** धुरंधर 2 फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म रिलीज होने के बाद से ही चर्चा का विषय बनी हुई है। रिलीज के एक दिन में ही इसके चर्चे पाकिस्तान तक होने लगे हैं। अब पाकिस्तान में भी लोग धुरंधर 2 के मजे ले रहे हैं, लेकिन सिनेमाघरों में नहीं टीवी पर। सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिनमें पाकिस्तान में लोग टीवी में 'धुरंधर 2' देखते नजर आए। खालिद महमूद खालिद नाम के एक पत्रकार ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'वॉचिंग धुरंधर 2 इन लाहौर।' अब ये पोस्ट वायरल हो रही हैं और लोग इसपर पाकिस्तान की जमकर ट्रोलिंग कर रहे हैं। इस पर आदित्य राज कौल ने जवाब देते हुए निराशा जताई। आदित्य राज कौल फिल्म धुरंधर से रिसर्च कंसल्टेंट के तौर पर भी जुड़े थे। उन्होंने लिखा, 'दुख की बात है कि धुरंधर द रिवेंज का पायरेटेड वर्जन आज ही पाकिस्तान पहुंच गया।'

## लाइफ Style

# वामिका

## भूत बंगला में अलग अंदाज में आएंगी नजर

फिल्म भूत बंगला में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी भी नजर आएंगी। इस हॉरर फिल्म में वह सिर्फ ग्लैमर का तड़का नहीं लगा रही है, वह अलग ही अंदाज में दर्शकों को देखने को मिलेंगी। फिल्म भूत बंगला को लेकर वामिका गब्बी काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म में वह बिल्कुल ही अलग अंदाज में दर्शकों से रूबरू होंगी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में फिल्म से जुड़ी एक अपडेट सामने आई, जिससे पता चलता है कि एक्ट्रेस खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार से काफी इंस्पायर है। वह उनके नक्शे-कदमों पर चल रही हैं। सूत्रों के अनुसार फिल्म 'भूत बंगला' में वामिका गब्बी ने अपने एक्शन सीन खुद किए हैं। एक्ट्रेस ने एक ट्रेन सीक्वेंस शूट किया, जिसमें वह ट्रेन के किनारे पर खड़ी थीं। इस सीन के लिए अक्षय कुमार के साथ एकदम सही तालमेल और टाइमिंग की जरूरत थी। वामिका ने अक्षय कुमार का पूरा साथ दिया। पिछले दिनों फिल्म 'भूत बंगला' का टीजर रिलीज हुआ। इसमें अक्षय कुमार जहां अपनी कॉमेडी से हंसाते हैं। वहीं डरावना माहौल भी टीजर में दिखता है। अक्षय कुमार का लुक भी टीजर में काफी अलग नजर आया है। कहानी के अलावा बाकी कलाकारों की भी झलक भी टीजर में दिखती है, इसमें वामिका भी नजर आईं। टीजर से ही हिंट मिला है कि इसमें एक रहस्मयी जीव है जो सबको डराता है। फिल्म 'भूत बंगला' में अक्षय कुमार, वामिका गब्बी के अलावा परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव भी हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में असरानी की भी झलक मिलेगी। पिछले साल इस दिग्गज अभिनेता ने दुनिया को अलविदा कह दिया था।



## हॉलीवुड मसाला



# वैल को निधन के 1 साल बाद एआई ने किया जिंदा

**लॉस एंजिल्स।** 'बैटमैन फॉरएवर' और 'टॉप गन' जैसी फिल्मों के लिए पहचाने जाने वाले दिवंगत एक्टर वैल किल्मर की बीते साल अप्रैल में मौत हो गई थी। 65 साल की उम्र में उनका निधन हुआ था। अब जब फैंस यह मानकर चल रहे थे कि वह अपने फेवरेट एक्टर को पर्दे पर दोबारा नहीं देख पाएंगे, जनरेटिव एआई ने उन्हें डिजिटली फिर से जिंदा कर दिया है। जी हां, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए हम और आप अपकमिंग फिल्म !कब्र की तरह गहरा' में वैल किल्मर को एक्टिंग करते हुए देखेंगे। इस फिल्म के लिए उन्हें साल 2020 में कास्ट किया गया था। उन्होंने इसके कुछ हिस्सों की शूटिंग की थी, जबकि कई सीन शूट नहीं कर पाए थे। अब इस खबर ने सोशल मीडिया पर नई बहस छेड़ दी है। कई फैंस जहां एक्टर को दोबारा पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं, वहीं कइयों ने इसे तकनीक का 'घटिया इस्तेमाल' बताया है।



# डिज्नी ने किया समर 2028 लाइन-अप का ऐलान

**लॉस एंजिल्स।** डिज्नी ने हाल ही में अपनी समर 2028 लाइन-अप का ऐलान कर दिया है। इसमें 'इनक्रेडिबल्स 3' और 'लिलो एंड स्टिच 2' को लेकर भी बड़ा अपडेट दिया गया है, जिसमें इन दो बड़ी फिल्मों की रिलीज डेट सामने आ गई है। इस अपडेट के बाद अब फैंस की एक्साइटमेंट भी बढ़ गई है। डिज्नी के मुताबिक, एनिमेशन फिल्म 'इनक्रेडिबल्स 3' 16 जून 2028 को थिएटर्स में रिलीज होगी। इस बार फिल्म को पीटर सोहन डायरेक्ट करेंगे, जबकि ब्रैड बर्ड इसमें राइटर के तौर पर जुड़े रहेंगे। वहीं दूसरी तरफ, 'लिलो एंड स्टिच 2' 26 मई 2028 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। 'लिलो एंड स्टिच 2' की बात करें, तो इसकी कहानी क्रिस सैंडर्स लिख रहे हैं, जो इस फ्रेंचाइजी के ओरिजिनल क्रिएटर भी हैं। मेकर्स ने इन फिल्मों की रिलीज डेट की घोषणा अपने इंस्टाग्राम हैंडल के जरिए शेयर की है। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों फिल्में कुछ हफ्तों के अंतर में रिलीज होंगी, जिससे समर 2028 में डिज्नी का बड़ा बॉक्स ऑफिस धमाका देखने को मिल सकता है। कुल मिलाकर, डिज्नी की ये अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है और 2028 का समर सीजन एंटरटेनमेंट से भरपूर रहने वाला है।



# सरके चुनर तेरी गाने की सिंगर ने मांगी माफी


**मुंबई।** नोरा फतेही और संजय दत्त पर फिल्माया गया गाना 'सरके चुनर तेरी' को लेकर विवाद मचा हुआ है। गाने के बोल और डांस स्टेप्स को लोगों ने आपत्तिजनक पाया, जिसके बाद इसको लेकर विवाद शुरू हो गया। आखिरकार सरकार ने गाने पर एक्शन लेते हुए इसके हिंदी वर्जन को यूट्यूब से हटा दिया। अब गाने के कन्नड़ वर्जन 'सरसे निन्ना सेरागा सरसे' की सिंगर मंगली, जिन्होंने हिंदी वर्जन भी गाया है, उन्होंने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। लोगों से माफी मांगते हुए सिंगर ने जल्द ही गाने के संशोधित वर्जन के रिलीज होने की बात कही। मंगली ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इसमें उन्होंने लोगों से 'सरके चुनर तेरी' गाने को लेकर उठे विवाद पर माफी मांगी। मंगली ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए, गीत को सभी प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है।



# रश्मिका ने जाहिर की अवॉर्ड मिलने की खुशी

**मुंबई।** तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉर्ड्स 2025 में रश्मिका मंदाना को 'द गर्लफ्रेंड' में उनकी एक्टिंग के लिए स्टेट अवॉर्ड दिया गया। जिसकी खुशी उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के जीवन का 2026 एक महात्वपूर्ण साल रहा। 'मैसा' आने वाली है। वहीं फरवरी में विजय देवराकोंडा के साथ उनकी शादी भी हुई है। इसके साथ ही उनके बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स भी लाइन अप हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए अपने राज्य स्तर पर सम्मान पाने की खुशी जाहिर की। 19 मार्च 2026 की रात तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉर्ड्स 2025 के शानदार आयोजन में रश्मिका मंदाना भी पहुंची थी। वहां उन्हें 'द गर्लफ्रेंड' के लिए इस स्टेट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। अपनी इस खुशी को रश्मिका ने सोशल मीडिया पोस्ट को जरिए शेयर किया।

## टीवी मसाला



# नागिनों ने किया रॉकेट लॉन्च, दी सलामी, लोगों ने उड़ाई खिल्ली

**नई दिल्ली।** एकता कपूर का शो 'नागिन 7' जब से शुरू हुआ है, तब से किसी न किसी कारण से खबरों में बना ही रहता है। इस बार तो हद ही हो गई जब नागिनों ने रॉकेट लॉन्च करके उसे सलामी दी। ये सीन खूब वायरल हो रहा है और खिल्ली भी उड़ रही है। 'नागिन 7' में रॉकेट लॉन्च को सलामी देते हुए नागिनों का एक सीन वायरल होने के बाद से ही हलचल मची हुई है। देशभक्ति और कल्पना के इस मिश्रण ने लोगों का ध्यान खींचा है, जिससे ऑनलाइन रिएक्शन्स की बाढ़ आ गई है। कलर्स टीवी पर हाल ही में प्रसारित एक एपिसोड में दिखाए गए इस सीन में नागिनें अपने मानव रूप में आकाश में रॉकेट लॉन्च देखती हुई दिखाई देती हैं। रॉकेट के उड़ान भरने के साथ ही सभी सलामी देते हैं, जबकि बैकग्राउंड में वंदे मातरम की धुन बजती है। इस सीन ने एक्स पर रिएक्शन्स की बाढ़ ला दी, जिसमें यूजर्स ने शो के क्रिएटर्स पर मजेदार कमेंट किए। एक ने लिखा- यह किसी बॉलीवुड फिल्म के सीन जैसा लग रहा है। एक ने कहा- इन नागिनों ने इतिहास बदल दिया है। दूसरे ने मजाक में कहा- इन नागिनों को बॉर्डर पर भेज दो। तीसरे ने कहा- भारतीय टीवी शो और उनका कभी न खत्म होने वाला नाटक। एकता कपूर का शो 'नागिन' लंबे समय से भारतीय टेलीविजन के सबसे फेमस शोज में से एक रहा है। वर्षों से, इसने एक फैनबेस बनाया है और साथ ही अपनी अलग कहानी और अनोखे सीन्स के कारण बार-बार वायरल भी हुई है।

## हिना ने हाथों में लगाई ईद की मेहंदी

**नई दिल्ली।** हिना खान ने ईद की हाथों में मेहंदी लगाई। इसमें पति रॉकी जायसवाल का भी नाम लिखवाया। हिना ने हाथों के साथ-साथ पैरों पर भी खूबसूरत मेहंदी लगवाई। इस मौके पर उन्होंने सलवार, झुमके और चूड़ियां भी पहनीं। हिना खान बेहद खूबसूरत लग रही थीं और उनकी मदमस्त अदाएं फैंस के दिलों पर छुरियां चला रही हैं, पर कुछ लोगों को इस पर भी परेशानी हो गई। उन्होंने अपने तानों और कमेंट्स से हिना खान के ईद के जश्न में खलल डालने की कोशिश की। जहां कुछ ने पूछा कि क्या हिना ने रोज़े रखे थे, जो वो ईद मना रही हैं, तो वहीं कुछ ने ताना मारा कि जो लोग रोज़े नहीं रखते हैं उनकी ईद दो दिन पहले ही शुरू हो जाती है। हिना खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ईद की तैयारियां दिखाते हुए 12 तस्वीरें शेयर कीं। इस पोस्ट पर जहां फैंस ने प्यार बरसाया, वहीं कुछ यूजर्स ने ऊल-जुलूल कमेंट्स करने शुरू कर दिए। एक ने लिखा, 'जो रोज़े नहीं रखते, उनकी ईद दो दिन पहले आ जाती है।'



# टॉलीवुड, कॉलीवुड और बॉलीवुड नहीं सिर्फ भारतीय सिनेमा होना चाहिए

**मुंबई।** उगादी के अवसर पर बीते दिन तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉर्ड्स 2025 आयोजित हुए। यहां भारतीय सिनेमा के कई सितारे पहुंचे। कुछ को सम्मानित भी किया गया। अवॉर्ड नाइट में दिग्गज अभिनेता कमल हासन और मेगा स्टार चिरंजीवी को भी पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी दौरान दोनों सितारों ने इस बात पर जोर दिया कि देश में क्षेत्रीय सिनेमा की बाउंड्रीज नहीं होनी चाहिए। सिर्फ एक ही सिनेमा यानी 'भारतीय सिनेमा' होना चाहिए। तेलंगाना गद्दर फिल्म अवाड्र्स 2025 में कमल हासन ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से भारत की क्षेत्रीय फिल्म इंडस्ट्रीज के बीच की सीमाओं को खत्म करने की अपील की। वहीं, चिरंजीवी ने हैदराबाद को देश का सिनेमा का हब बनाने का अपना



विजन पेश किया। बता दें कि बीती रात दोनों दिग्गज सितारों को सम्मानित किया गया। कमल हासन को इस अवॉर्ड फंक्शन में पैडी जयराज फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, मेगास्टार चिरंजीवी को एनटीआर राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद दोनों सितारों ने मंच से कुछ ऐसा कहा, जिसकी इंडस्ट्री को काफी समय से जरूरत थी। अवॉर्ड फंक्शन में कमल हासन ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की ओर रुख किया और उनसे एक गुजारिश की। कमल हासन ने कहा, 'क्योंकि इस एकता के असली हीरो आप हैं, इसलिए मैं आपसे गुजारिश करता हूं अब और टॉलीवुड, कॉलीवुड, बॉलीवुड, मॉलीवुड या सैंडलवुड नहीं। अब सिर्फ एक ही नाम होना चाहिए।

# ओपनिंग डे पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई के बाद भी धुरंधर 2 की दर्शकों ने गिना दी कमियां

**मुंबई।** गुरुवार को 'धुरंधर 2' ने सिनेमाघरों में कदम रखा और पहले ही दिन सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली फिल्म बन गई। इस फिल्म को लेकर रिलीज से पहले ही अलग तरह का बज बना हुआ था, लेकिन कुछ दर्शकों, फैंस को इसमें कमियां भी नजर आईं।



### उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी

फिल्म 'धुरंधर' के बाद फैंस को 'धुरंधर 2' से काफी उम्मीद थी। लेकिन, यह उनकी उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी। एक यूजर ने फिल्म को लेकर लिखा, 'एक सिनेमा प्रेमी के तौर पर मैं पार्ट 2 से बहुत ज्यादा उम्मीदें लेकर गया था। लेकिन, यह उन उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। फिल्म बेवजह खिंची हुई लगती है। वह जबरदस्त कहानी कहने का अंदाज, जिसने पहले हिस्से को इतना कामयाब बनाया था, यहां नदारद है। यह पूरी तरह से बुरी तो नहीं है, लेकिन इसने जो वादा किया था, उसके मुकाबले यह यकीनन निराश करने वाली फिल्म है।' इसी तरह की शिकायत कई लोगों को फिल्म से है, 'धुरंधर 2' का रन टाइम लगभग चार घंटे था, जो कि कई लोगों के लिए काफी ज्यादा था। इतनी देर बैठकर फिल्म देखना कई लोगों के लिए मुश्किल हो गया। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'थोड़ी धीमी शुरुआत, ज्यादा हिंसा और थोड़ी ज्यादा ही पॉलिटिक्स। लेकिन, बिना किसी गलती के डायरेक्टेड और जबरदस्त एक्टिंग वाली फिल्म है। इसे जरूर देख सकते हैं।'

### किसी ने खोखली फिल्म तक कह दिया

कुछ लोगों को 'धुरंधर 2' लंबी और वॉयलेंस से भरी फिल्म लगी, लेकिन इसे फिर भी वह दिखने की बात कहते हैं। लेकिन ,कुछ दर्शकों ने इसे खोखली फिल्म कह दिया। एक यूजर ने ट्वीट पर कमेंट करते हुए लिखा, 'अभी-अभी यह फिल्म देखी। यह बहुत शोरगुल वाली और खोखली फिल्म है। इसमें कहानी से ज्यादा शोर है, बहुत ज्यादा हिंसा है। गालियों से भरी हुई और एक खींचे हुए प्रोपेगैंडा नैरेटिव पर बेस्ड है। रणवीर सिंह भी हमजा के तौर पर दर्शकों को प्रभावित करने में नाकाम रहे।' ट्वीट में आगे लिखा है, 'बस भारत-पाकिस्तान के बीच टकराव का एक ही घिसा-पिटा एंगल है, न कोई अच्छा संगीत है, और न ही कोई भावनात्मक या देशभक्ति से जुड़ाव है। आप यह सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि आदित्य धर आखिर क्या करना चाह रहे थे? कहानी सुनाना या फिर बस टकराव का फायदा उठाना।

## इस वीकएंड ओटीटी पर होगी मनोरंजन की बारिश

# बॉर्डर 2 से चिरैया तक रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सिनेमाघरों में 'धुरंधर 2' ने दस्तक दे दी है। संभव है कि आप भी वीकएंड पर इस फिल्म को देखने का प्लान बना रहे हों, लेकिन अगर आप घर बैठे ओटीटी पर कुछ देखना चाह रहे हैं तो इस बार की लिस्ट काफी दिलचस्प है। एक्शन से लेकर सस्पेंस तक का डोज दर्शकों को मिलने वाला है।

### बॉर्डर 2

सिनेमाघरों में जबर्दस्त कमाई करने के बाद फिल्म 'बॉर्डर 2' अब ओटीटी पर भी आ चुकी है। यह सीरीज 20 मार्च से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। इस वीकएंड पर आप इसे परिवार के साथ देख सकते हैं। यह फिल्म 1997 की क्लासिक फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है। फिल्म 'बॉर्डर 2' 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित है। इसमें सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ जैसे सितारे हैं।

### अ डिफरेंट मैन

यह साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। सेबेस्टियन स्टेन और एडम पियर्सन अभिनीत यह फिल्म 20 मार्च 2026 से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। यह एक ऐसे शख्स की कहानी है, जो चेहरे की सर्जरी के बाद बाहरी रूप तो बदल लेता है, लेकिन अपने आंतरिक संघर्षों से नहीं जीत पाता।



### डेडलॉक सीजन 2

अगर आपको क्राइम मिस्ट्री देखना पसंद है तो 'डेडलोक सीजन 2' आपके लिए शानदार विकल्प है। इस सीजन में डिटेक्टिव डल्सी और एडी रेडक्लिफ एक बार फिर लौट आए हैं। इस बार वे एक मर्डर मिस्ट्री सुलझाते नजर आएंगे। यह 20 मार्च से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

### चिरैया

दिव्या दत्ता, प्रसन्ना बिष्ट और संजय मिश्रा अभिनीत वेब सीरीज 'चिरैया' इस वीकएंड देखी जा सकती है। यह सीरीज आज 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई है। यह सवेंदनशील कहानी पर आधारित सीरीज है। सीरीज महिला केंद्रित है, मगर यह पुरुषों को भी जरूर देखनी चाहिए।

### जटाधारा

सोनाक्षी सिन्हा की एक्शन थ्रिलर फिल्म भी अब ओटीटी पर आ चुकी है। इस फिल्म में एक 'धन पिशाचिनी' (धन के राक्षस) की कहानी के जरिए आस्था और तर्क के बीच के टकराव को दिखाया गया है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने खास प्रदर्शन नहीं किया था। हालांकि, इसकी सिनेमैटोग्राफी, विजुअल इफैक्ट्स और अभिनय की तारीफ हुई थी। 20 मार्च से 'जटाधारा' जी5 पर उपलब्ध है।

## खबर संक्षेप

### युवाओं को मिलेगी कंप्यूटर डीटीपी की ट्रेनिंग

**सारंगढ़।** जिला कौशल विकास प्राधिकरण सारंगढ़ बिलाईगढ़ के द्वारा 18 वर्ष या अधिक उम्र के युवा को निशुल्क ट्रेनिंग दिया जाएगा। इलेक्ट्रिकल डोमेस्टिक सॉल्यूशंस सहायक इलेक्ट्रिशियन कोर्स के लिए दसवीं उत्तीर्ण युवा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सारंगढ़ में मेलाराम भारद्वाज और डीटीपी कंप्यूटर कोर्स के लिए 12 उत्तीर्ण युवा केपी युवा कौशल प्रशिक्षण केंद्र बंधापाली में संतोष पटेल 930234392 से सम्पर्क कर शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट फोटो कार्यालय में जमा कर प्रशिक्षण में शामिल हो सकते हैं। यह जानकारी जिला कौशल विकास के नोडल अधिकारी पुरुषोत्तम स्वर्णकार ने दी।

### अवकाश में भी खुले रहेंगे रजिस्ट्री ऑफिस

**सारंगढ़।** नागरिकों को रजिस्ट्री संबंधी कार्यों में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए छत्तीसगढ़ के सभी रजिस्ट्री ऑफिस रविवार 22 मार्च, शनिवार 28 मार्च, रविवार 29 मार्च तथा मंगलवार महावीर जयंती 31 मार्च को भी सामान्य कार्यदिवसों की तरह खुले रहेंगे। इन तिथियों में दस्तावेजों के पंजीयन सहित अन्य सभी संबंधित सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध रहेंगी। शासन के इस निर्णय का उद्देश्य नागरिकों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करना है, ताकि वे अपने लंबित पंजीयन कार्यों को समय पर पूरा कर सकें। विशेष रूप से वित्तीय वर्ष की समाप्ति के मद्देनज़र इन दिनों में पंजीयन कार्यों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गई है। जारी निर्देशों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम दिनों में पंजीयन कार्यों का सुचारू एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जा सकेए इसके लिए छत्तीसगढ़ शासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके तहत राज्य के सभी रजिस्ट्री ऑफिस चयनित अवकाश दिवसों में भी संचालित किए जाएंगे। राज्य सरकार ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस विशेष सुविधा का अधिकतम लाभ उठाते हुए निर्धारित तिथियों में अपने पंजीयन संबंधी कार्यों का निष्पादन कराएं, जिससे अनावश्यक भीड़ और अंतिम समय की परेशानी से बचा जा सके।

### उल्लास महापरीक्षा में 8 हजार साक्षर होंगे शामिल

**सारंगढ़।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत जिले में डॉ संजय कन्नौजे कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में 22 मार्च रविवार को उल्लास महापरीक्षा अभियान आयोजित की जाएगी। कलेक्टर ने सभी शिक्षार्थियों को इस महापरीक्षा अभियान अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आकलन परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधीगण स्वयंसेवी शिक्षक तथा आम नागरिकों को अपील की है कि वे शिक्षार्थियों को परीक्षा के दिन परीक्षा में शामिल करवाए। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी इंद्रजीत बर्मन एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण सारंगढ़ बिलाईगढ़ के द्वारा सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया है कि वे मूलभूत राशि से महापरीक्षा अभियान में वातावरण निर्माण के लिए गांव-गांव में दीवारों पर नारा लेखन कार्य करें।

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुनील अग्रवाल पिता पवन कुमार अग्रवाल निवासी हाउस नं 173, वार्ड नं 19 गौरीशंकर मन्दिर रोड नया गंज रायगढ़ (छ.ग.), यह शपथ करता हूं कि मैंने अपने पुराने नाम को त्याग कर नया नाम सुनील कुमार अग्रवाल पिता पवन कुमार अग्रवाल रख लिया है।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्ध शासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम सुनील कुमार अग्रवाल पिता पवन कुमार अग्रवाल के नाम से ही जाना व पहचाना जावे।

दिनांक :- 21.03.2026

**सुनील कुमार अग्रवाल,**
**हाउस नं 173, वार्ड नं 19**
**गौरीशंकर मंदिर रोड**
**नया गंज रायगढ़ (छ.ग.)**

### विशेषज्ञों ने कानूनी प्रावधानों और रोकथाम के उपायों पर दी जानकारी

# बाल विवाह रोकथाम को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़






पुष्पांजलि अर्पित करते अतिथि और कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी।

महिला एवं बाल विकास विभाग, रायगढ़ द्वारा नगर पालिक निगम ऑडिटोरियम में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले को बाल विवाह की कुप्रथा से मुक्त करना तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देकर जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना था। कार्यशाला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी एलआर कच्छप के मार्गदर्शन में आयोजित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में बचपन बचाओ आन्दोलन रायपुर के स्टेट कोऑर्डिनेटर विपिन ठाकुर उपस्थित रहे। उन्होंने पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, किशोर न्याय अधिनियम 2015 तथा पॉक्सो एक्ट 2012 के महत्वपूर्ण प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बाल विवाह रोकने के कानूनी उपायों और बच्चों के संरक्षण से जुड़े पहलुओं पर विशेष जोर देते हुए प्रतिभागियों को जागरूक किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अंकिता मुदलियार ने बताया कि रायगढ़ जिले की 282 ग्राम पंचायतें बाल विवाह मुक्त घोषित हो चुकी हैं और शेष 268 ग्राम पंचायतों को भी निर्धारित समय सीमा में इस श्रेणी में लाने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यशाला में शासन के निर्देशों का वाचन किया गया, जिसमें सभी ग्राम पंचायतों में विवाह पंजी का अनिवार्य संधारण, 12 सदस्यीय निगरानी टीम का गठन तथा आगामी रामनवमी और अक्षय तृतीया के अवसर पर जागरूकता अभियान चलाने की बात कही गई। अतिथियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए समाज से बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने और रायगढ़ को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए समन्वय एवं सहयोग की अपील की।



## घरघोड़ा कॉलेज के विद्यार्थियों ने देखी कोयला खदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

शासकीय महाविद्यालय घरघोड़ा के प्राचार्य डॉ. पीके अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन एवं भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. संतोष देवांगन के सफल नेतृत्व में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा गारे पेलमा तमनार स्थित सेक्टर 3 कोल माइंस का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण सम्पन्न किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कोयला खनन की आधुनिक प्रक्रियाओं, कोयले के परिवहन तथा उसके विविध उपयोगों से व्यावहारिक रूप से परिचित कराना था।

इस भ्रमण को सफल बनाने में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. वाईके चंद्रा एवं प्रयोगशाला तकनीशियन भावन्ता का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। प्रातः 8 बजे कॉलेज परिसर से विद्यार्थियों को बसों के माध्यम से भ्रमण स्थल के लिए प्रस्थान कराया गया। निर्धारित समय पर भ्रमण स्थल पहुँचने के उपरांत सर्वप्रथम विद्यार्थियों को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किए गए। इसके पश्चात सभी विद्यार्थियों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण जैसे हेलमेट एवं सुरक्षा पोशाक उपलब्ध कराए गए। कैंटीन में नाश्ते के उपरांत विद्यार्थियों को विशेष बस के माध्यम से खदान क्षेत्र का अवलोकन कराया गया, जहाँ एक निर्धारित व्यू पॉइंट से संपूर्ण ओपन कोल ब्लॉक का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर खदान के विशेषज्ञ मनजीत सिंह द्वारा विद्यार्थियों को कोयला खनन की प्रक्रिया, मशीनों के संचालन तथा खदान की कार्यप्रणाली के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।

## एनटीपीसी में छत्तीसगढ़ यू-20 इंटर-डिस्ट्रिक्ट स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ

**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा में यू-20 अंतर जिला राज्य फुटबॉल चैंपियनशिप 2025–26 छत्तीसगढ़ शुभारंभ के साथ युवाओं की भावना, जुनून और खेल भावना को ज़िंदा किया है। यह टूर्नामेंट 20 मार्च, 2026 को मैत्री नगर के शानदार मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में शुरू हुआ। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि सुभाष ठाकुर, परियोजना प्रमुख एनटीपीसी लारा ने किया, जिसमें केशव चंद्र सिंह रॉय, महाप्रबंधक ऑपरेशन और मेंटेनेंस, महावीर सिंह, डिप्टी कमांडेंट, सीआईएसएफ और एनटीपीसी लारा के सीनियर अधिकारी मौजूद थे। अपने भाषण में सुभाष ठाकुर ने युवा एथलीटों की हिम्मत बढ़ाई और उन्हें लगन, अनुशासन और टीम भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया।



पहला मैच डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल एसोसिएशन बालोद और कोरबा के बीच खेला गया। इस चैंपियनशिप को जो बात सच में खास बनाती है, वह है 11 जिलों - कोरबा, बालोद, दंतेवाड़ा, रायगढ़, बिलासपुर, दुर्ग, सूरजपुर, रायपुर, कोंडागांव, कोरिया और नारायणपुर के युवा फुटबॉल खिलाड़ियों का एक साथ आना, जिनमें से कई ग्रामीण और छोटे शहरों वाले छत्तीसगढ़ की खेल के प्रति जुनून को दर्शाता हैं। इन खिलाड़ियों के लिए, यह टूर्नामेंट सिर्फ़ कॉम्पिटिशन से कहीं ज़्यादा है, यह एक बड़े स्टेज पर कदम रखने और अपने जुनून को पहचान में बदलने का मौका है। इस चैंपियनशिप के परफॉर्मेंस के आधार पर, टीम छत्तीसगढ़ को नेशनल यू-20 चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों को चुना जाएगा। फुटबॉल के रोमांच से परे, यह पहल एनटीपीसी लारा के सामुदायिक विकास के प्रति सतत प्रयास और युवाओं को सशक्त बनाने के गहरे लगाव को दिखाती है।

### 22 मार्च को अवकाश में भी होगा रजिस्ट्री

**सारंगढ़।** नागरिकों को रजिस्ट्री संबंधी कार्यों में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए छत्तीसगढ़ के सभी रजिस्ट्री ऑफिस रविवार 22 मार्च, शनिवार 28 मार्च, रविवार 29 मार्च तथा मंगलवार महावीर जयंती 31 मार्च को भी सामान्य कार्यदिवसों की तरह खुले रहेंगे। इन तिथियों में दस्तावेजों के पंजीयन सहित अन्य सभी संबंधित सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध रहेंगी। शासन के इस निर्णय का उद्देश्य नागरिकों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करना है, ताकि वे अपने लंबित पंजीयन कार्यों को समय पर पूरा कर सकें। विशेष रूप से वित्तीय वर्ष की समाप्ति के मद्देनज़र इन दिनों में पंजीयन कार्यों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गई है।

## ग्राम बार स्थित एफएसटीपी प्लांट का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने बरमकेला ब्लाक के ग्राम पंचायत बार में निर्माणाधीन एफएसटीपी प्लांट का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्लांट में आवश्यक चैम्बर स्थापित कर तत्काल टेस्टिंग कराई जाए, ताकि कार्य को शीघ्र प्रारंभ किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मानव मल मूत्र के वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए यह प्लांट अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



डॉ. कन्नौजे ने अधिकारियों को समय सीमा निर्धारित कर कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्लांट के शुरू होने से क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर होगी और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने निर्माण एजेंसी को भी कार्य में तेजी लाने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ इंद्रजीत बर्मनए बरमकेला जनपद सीईओ और विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आदि शक्ति माँ कौशलेश्वरी मंदिर में नवरात्रि पारंभ

**कोसीर।** पावन धाम मे नवरात्रि पर्व की शुरुआत हो चुकी है। शुरू दिन पूरे विधि विधान के साथ पुजा पाठ किया गया। भव्य कलश यात्रा के साथ माता शैल पुत्री की विधि विधान से पूजा पाठ किया गया जिसके फलसवरूप आसपास अचल सहित गांव के लोग भारी संख्या मे उपस्थित हुए सभी ने श्रद्धा भाव के साथ पूजा पाठ कर माता की जय कारे लगाए विदित हो की कोसीर की यह मंदिर बहुत ही पुरानी व इसके रहस्य मय कहानी है वही आसपास पूरे अचल के एकमात्र स्थान है जिसके फलस्वरूप यहां भक्तो की काफी भीड लगती है आस पास अचल से भक्त गण भारी सख्या में पहुंच कर अपनी मुरादें पूरी करते है। बताया जाता है जिसने भी अपने मन में मुरादें लेकर माता की मंदिर पहुंचा है उसके इच्छा जरूर पुरी हुई है ऐसे भक्तो का कहना है जिसके फलस्वरूप दूर दराज से लोग भारी संख्या में पहुंच कर माता की दर्शन कर खुशी पृगट करते है। माता कोशलेशवरी के दरबार में लगभग 270 आस्था के दीप जले माता की दरबार चैत्र नवरात्र को लेकर पूरी तरह से सजा हुआ लग रहा है मंदिर के चारो तरफ साज सजावट से भारी आकर्षक का केन्द्र लग रहा शुरू दिन से ही भक्तो की तांता लग रहा है वही मंदिर समिति ने बताया कि इस बार माता की दरबार में लगभग 270 आस्था के दीए परज्वलित हुए।



## पेंड्रावन के 13 विद्यार्थियों ने फिर रचा नवोदय चयन में इतिहास

**सरसींवा।** सफलता जब निरंतरता में बदल जाए तभी वह परंपरा बनती है। हैप्पी पब्लिक स्कूल, पेंड्रावन ने इसी परंपरा को साकार करते हुए एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है। इस वर्ष विद्यालय के 13 विद्यार्थियों ने जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में सफलता अर्जित कर पूरे सरसींवा अंचल को गौरवान्वित किया है। उल्लेखनीय है कि बीते कई वर्षों से इस विद्यालय से विभिन्न विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय हेतु हो चुका है जिसमें बीते वर्ष भी 11 विद्यार्थियों का चयन हुआ था, जो संस्था की सुदृढ़ शैक्षणिक नींव का प्रमाण है।

इस वर्ष चयनित विद्यार्थियों में समृद्धि मिरी, रेशिका भास्कर, अंशुमान बघेल, आरव बरीहा,




आभाष लहरे, हर्ष वारे, हार्दिक भारती, मौर्य राय, सृष्टि खूंटे, तनमय साहू, इमार्सन निराला, मानशु लहरे और हेमंत कुमार साहू शामिल हैं। इन विद्यार्थियों की सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि उस सामूहिक शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है, जिसमें अनुशासन निरंतर अभ्यास और प्रतिस्पर्धात्मक दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी जाती है। ग्रामीण परिवेश में संचालित इस विद्यालय ने सीमित संसाधनों के बावजूद जिस प्रकार से लगातार परिणाम दिए हैं, वह इसे क्षेत्र के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में स्थापित करता है। यहां विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर से ही बौद्धिक क्षमता,तार्किक सोच और प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप तैयार किया जाता है, जिसका प्रतिफल नवोदय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में चयन के रूप में सामने आता है। विद्यालय प्रबंधन प्रमुख एवं प्राचार्य लिंगराज नाग ने इस उपलब्धि को केवल परिणाम नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी बताया। उन्होंने कहा कि लगातार कई वर्षों से निरंतर नवोदय विद्यालय में हमारे विद्यालय से छात्र छात्राओं का चयन होना इस बात का संकेत है कि हमारी शैक्षणिक पद्धति सही दिशा में है।

## उमाशंकर जिला महामंत्री तो कमलेश बने प्रशिक्षण प्रभारी





**खरसिया।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुमित शर्मा ने खरसिया विधानसभा क्षेत्र के युवा हस्ताक्षर उमाशंकर शर्मा को जिला महामंत्री एवं कमलेश नायडू को जिला प्रशिक्षण प्रभारी मनोनित किया है। उमाशंकर एवं कमलेश नायडू जिला पदाधिकारी बनने पर वरिष्ठ भाजपा नेता गिरधर गुप्ता, गोपाल शर्मा, बजरंग अग्रवाल, श्रीचंद रावलानी, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष सतीश अग्रवाल एवं नगर मंडल के अध्यक्ष विजय शर्मा, महामंत्री मनीष रावलानी, आनंद अग्रवाल, मीडिया प्रभारी संतोष यादव युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष, राधे राठौर, पार्षदगण अरूण चौधरी, देवप्रसाद चौहान, विनोद सिदार, दीपक अग्रवाल सहित भाजपा नेताओं ने युवा मोर्चा के जिला पदाधिकारी को बधाई प्रेषित की है।

सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी व रीकन्सक्ट्रीव सर्जरी
कालडा हॉस्पीटल में
जबड़े, नाक, होंठ आदि के टेढ़ेपन व अन्य विकृतियों व सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी, रीकन्सट्रक्टीव सर्जरी, ब्रेकियल फ्लैक्सेस इंज्यूरी (हाथ के नसों की सर्जरी)
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

## अफीम की खेती को लेकर कांग्रेस ने साधा सरकार पर निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ में अवैध मादक पदार्थों की खेती का नेटवर्क लगातार फैलता हुआ नजर आ रहा है। दुर्ग और बलरामपुर जैसे जिलों में सामने आए मामलों के बाद अब रायगढ़ जिले के तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत आमाघाट में अफीम की खेती का खुलासा होना प्रदेश के लिए गंभीर चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है।

मुख्यमंत्री द्वारा नशे के खिलाफ सख्त बयान दिए जाने के बावजूद जमीनी स्तर पर हालात विपरीत नजर आ रहे हैं। लगातार नए नए स्थानों पर अफीम जैसी अवैध खेती के मामले सामने आना इस बात का संकेत है कि सरकारी तंत्र प्रभावी ढंग से काम नहीं कर पा रहा है। यदि प्रशासन सक्रिय और सतर्क होता, तो इस तरह की गतिविधियों पर समय रहते रोक लगाई जा सकती थी। कांग्रेस कमेटी रायगढ़ ने इसी मुद्दे को लेकर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है और सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। रायगढ़ जिला में अफीम की खेती



का खुलासा होने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी के नेतृत्व में तमनार ब्लॉक के आमघाट में अवैध रूप से हो रहे अफीम की खेती निरीक्षण किया गया है। इस अवैध अफीम की खेती का सम्पूर्ण जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी को अवगत कराया जाएगा। अफीम की खेती का निरीक्षण के दौरान अनिल अग्रवाल चीकू मुकुंद मुरारी पटनायक, दीपक मंडल महामंत्री, तारेन्द्र डनसेना जिला कांग्रेस प्रवक्ता, देवेंद्र शर्मा, बबलू साहू, वासुदेव साहू, रामकुमार भगत, देवा साहू, नरेश ठाकुर, सीताराम चौहान, रामू दास महंत सहित तमनार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के साथीगण विशेष रूप से उपस्थित थे। जानकारी के अनुसार, जिस जमीन को तरबूज और ककड़ी की खेती के नाम पर लिया गया था, वहां वास्तविकता में अफीम की फसल उगाई जा रही थी। इस खुलासे के बाद स्थानीय लोगों में भी आश्चर्य और आक्रोश दोनों देखने को मिल रहा है। लोगों का कहना है कि इस प्रकार की खेती अचानक या छुपकर लंबे समय तक बिना किसी प्रशासनिक जानकारी के संभव नहीं हो सकती। इससे यह सवाल और गहरा गया है कि क्या संबंधित विभागों को इसकी भनक नहीं थी, या फिर कहीं न कहीं जानबूझकर नजरअंदाज किया गया। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर कांग्रेस कमेटी रायगढ़ के अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी ने प्रदेश सरकार पर सीधा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल एक जिले तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश में फैलते एक बड़े नेटवर्क की ओर इशारा करता है। उनके अनुसार, यदि सरकार वास्तव में नशे के खिलाफ गंभीर होती, तो इस प्रकार की घटनाएं बार बार सामने नहीं आतीं।

आप कितने स्वस्थ हैं?
— जानिएं —
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज
₹1500/-
(20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज
₹2000/-
(40 से 60 साल की उम्र के लिए)
• प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
• सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
9926386660
Care With Confidence
सुयश हॉस्पिटल
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैंकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त